तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



14 जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं रिव्यू समिति की ...





14 चिंगरौद में वीबी जीरामजी के तहत लगी किसानों ...




## खबर संक्षेप

### 10 जंगली सूअरों की संदिग्ध मौत, दफनाने पर वन रक्षक निलंबित

**महसमुंद।** जिले के वनपरिक्षेत्र पिथौरा के बगारपाली जंगल के कक्ष क्रमांक 211 व 212 में हाल ही में 10 जंगली सूअरों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मृत सूअरों को बिना उच्चाधिकारियों को सूचित किए मैदानी अमले द्वारा दफना दिए जाने के मामले में वनरक्षक को निलंबित कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, सप्ताह भर पूर्व किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खेत में जहर मिलाकर 10 जंगली सूअरों का शिकार किया, जिसके बाद सभी को जमीन में दफना दिया गया। मामला सामने आने पर विभाग में हड़कंप मच गया और जांच के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि स्थानीय वन रक्षक ने घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों जैसे रेंजर, एसडीओ या डीएफओ को दिए बिना ही शवों को दफनाने की कार्रवाई की। साथ ही, अपने बचाव के लिए संबंधित चौकीदारों पर दबाव बनाने की भी बात सामने आई। प्राथमिक जांच में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित वन रक्षक को निलंबित कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** छिपपावन चौक में पटेवा पुलिस ने देशी प्लेन शराब जब्त किया है। इस दौरान पुलिस को देख आरोपी अपनी बाइक को छोड़कर वहां से भाग निकला। पुलिस ने मौके से 70 पौवा शोले प्लेन देशी मदिरा कीमत 5600 रुपए जब्त किया है।

## हरियाली के लिए लगाए गए पौधे देखरेख के अभाव में सूखने लगे, व्यवस्थाएं भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रेनाइट की चट्टानों से परिपूर्ण चंदवा पहाड़ी को बचाने के लिए इसे हरा भरा करने की पहल तो हुई। लेकिन, अनदेखी के चलते यहां लगाए गए पौधे सूख रहे हैं और हरियाली खोती जा रही है। जिले के खल्लारी क्षेत्र के ग्राम बोईरगांव के इस चंदवा पहाड़ी को बचाने के लिए ही ग्रामीणों ने भीम की विशाल प्रतिमा भी स्थापित की गई थी।

ग्रेनाइट की इस पहाड़ी को बचाने के लिए वर्ष 2023 में कठोर चट्टानों के बीच गड्ढों और दरारों में तेल के डिब्बों में मिट्टी भरकर बरगद, पीपल, कदम और करंज जैसे सैकड़ों पौधे लगाए गए थे। विडंबना यह है कि तात्कालीन अफसरों का तबादला होने के बाद विभाग ने इस प्रोजेक्ट से मुंह मोड़ लिया। पहाड़ी से करीब 2 किलोमीटर दूर से पानी लाकर पौधों को सींचने वाले मजदूरों की व्यवस्था अब बंद कर दी गई है।

### सुरक्षा के लिए लगाई जाली

पौधों को मवेशियों से बचाने के लिए लगाई गई लोहे की जालियां भी शरारती तत्वों का निशाना बन गई। वहीं, देखरेख के लिए बनाई गई अस्थायी झोपड़ी अब खंडहर में तब्दील हो चुकी है।



### पर्यटन की उम्मीदों पर फिर रहा है पानी

चंदवा पहाड़ी (भीम डोंगरी) को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का की पहल तात्कालीन अफसरों के मार्गदर्शन में हुई। करीब 100 फीट ऊंची और 30 एकड़ में फैली इस पहाड़ी पर एकादशी के दिन मेला भी लगता है। ग्रामीणों ने इस पहाड़ी को खनन माफियाओं से बचाने के लिए 2014 में भीम प्रतिमा की स्थापना की थी।

### व्यवस्थाएं पुनः सुचारू होंगी: ध्रुव


वर्तमान वन परिक्षेत्र अधिकारी लोकनाथ ध्रुव का कहना है कि पौधों की सुरक्षा और पहाड़ी में हरियाली बनाए रखने के लिए पानी डालने की व्यवस्था बनाई जाएगी। उनका कहना है कि यदि स्थानीय वन विभाग जल्द मजदूरों और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करे, तो ये पौधे पेड़ बन सकते हैं।

### घटना : जिले के भंवरपुर क्षेत्र के जंगल में मिला युवक का शव

## जंगल में 15 दिन बाद मिला गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचे नाबालिग की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचे नाबालिग का शव जिले के भंवरपुर क्षेत्र के जंगल में मिला है। बालक की पहचान बलौदाबाजार कसडोल जिले के ग्राम सर्वा निवासी 17 वर्षीय उद्रेश वर्मा के रूप में हुई है। उद्रेश 15 दिन पहले अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने बसना के जमनीडीह गांव गया था और तब से लापता था। पुलिस ने हत्या सहित सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार, उद्रेश 29 जनवरी को अपने दोस्तों के साथ टूड्री गांव में मड़ई मेला देखने गया था। लौटते समय उसने महासमुंद जिले के ग्राम पंचायत जमदरहा के आश्रित गांव जमनीडीह में अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने की इच्छा जताई। दोस्तों के मना करने के बावजूद उद्रेश रात करीब 11 बजे जमनीडीह गांव पहुंचा और दोस्त के मोबाइल से गर्लफ्रेंड को कॉल कर उससे मिला। इसके बाद से वह लापता था।

30 जनवरी को उसके दोस्त धर्मेंद्र वर्मा ने भंवरपुर चौकी में उद्रेश के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। कुछ दिनों बाद, उद्रेश का दोस्त से लिया गया मोबाइल गांव के पास पुलिस को मिला, जिसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश तेज कर दी। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड की मदद ली, लेकिन डॉग लड़की के घर के आसपास जाकर भी कोई सुराग नहीं दे पाया। पुलिस तकनीकी सहायता और तलाशी अभियान में जुटी रही। दोपहर करीब 2 बजे तलाशी दल को युवती के गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर जंगल में उद्रेश का शव मिला। फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर सबूत इकट्ठा किए। शव के कुछ हिस्से जानवरों ने खा लिए थे। परिजनों ने शव की पहचान उद्रेश के रूप में की। शव डीकंपोज होने की वजह से पोस्टमार्टम के लिए रायपुर मेडिकल कॉलेज भेजा जाएगा।

### सोशल मीडिया के जरिए हुई थी पहचान

पुलिस उद्रेश की गर्लफ्रेंड और उसके परिवार से पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि उद्रेश और उसके गर्लफ्रेंड के बीच सोशल मीडिया के जरिए पहचान हुई थी। दोनों एक दूसरे से फोन पर भी बात किया करते थे।

### हर पहलू पर हो रही है जांच: एएसपी

इस मामले में एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय ने बताया कि पुलिस शुरुआत से ही युवक की तलाश में जुटी थी। शव मिलने के बाद अब हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मृतक की नाबालिग गर्लफ्रेंड और उसके परिजनों से पूछताछ जारी है।

## तालाब के पास जुआ खेल रहे छह लोगों के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महामाया तालाब के पार में जुआ खेल रहे छह लोगों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को 13 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि महामाया तालाब के पार में कुछ व्यक्ति हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं।

मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी अजय कहार पिता श्याम कहार (25 साल) महामाया मंदिर के पास वार्ड नं 16 महासमुंद, तुषार मक्कड़ पिता राजकुमार मक्कड़ (21 साल) इमली भांठा वार्ड नं 02 महासमुंद, नीलकंठ साहू पिता गणेशु साहू (26 साल) शंकर नगर वार्ड नं 01 महासमुंद, उमेश कुमार ढीमर पिता मनहरण लाल ढीमर (53 साल) पुराना रावण भांठा वार्ड 16 महासमुंद, विक्की मक्कड़ पिता बलदेव मक्कड़ (45 साल) इमली भांठा वार्ड नं 02 महासमुंद और राजू यादव पिता परदेश यादव (35 साल) वार्ड नं 15 पुराना रावण भांठा महासमुंद के कब्जे से 20500 रुपए एवं फड से 57000 रुपए बरामद किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सट्टेबाज दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** नगर की पुलिस ने सट्टा खिलाने के दो मामलों में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी मनहरण लाल ध्रुव पिता स्व लतेल राम ध्रुव (52 वर्ष) वार्ड नंबर 19 बढईपारा महासमुंद के कब्जे से तीन नग सट्टा पट्टी, एक मोबाइल नगद रकम 4280 रुपए कुल 6280 रुपए को जब्त किया। इसी तरह पुलिस ने आरोपी सुखदेव आवड़े पिता स्व बोधन आवड़े (54 वर्ष) वार्ड पिटियाझर वार्ड नंबर 12 महासमुंद के कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी, एक नग मोबाईल, नगदी रकम 810 रूपये कुल 4320 रुपए को जब्त किया गया। दोनों ही मामलों में आरोपियों के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई।

## अवैध शराब बनाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई, छह गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अवैध रूप से शराब निर्माण करने वाले छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के कब्जे से 26600 रुपए का 133 लीटर शराब बरामद किया गया है। एसपी के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों के विरूद्ध नकेल कसने लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत महासमुंद थाना क्षेत्र में अवैध शराब बनाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। है।



इस दौरान पुलिस ने दशरथ खड़यिा पिता पीला राम खड़िया (22 साल) निवासी लभरा कला के कब्जे से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब 30 लीटर कीमत 6000 रुपए, बाबूलाल खड़िया पिता अमासु खड़यिा (56 साल) निवासी लभरा कला के कब्जे से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब 25 लीटर कीमत 5000 रुपए, नंद कुमार कमार पिता घसिया कमार (25 साल) निवासी लभरा कला के कब्जे से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब 24 लीटर कीमत 4800 रुपए, नंद कुमार खड़िया पिता बैशाखू राम खड़िया (40 साल) निवासी लभरा कला के कब्जे से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब 21 लीटर कीमत 4200 रुपए, बनर सिंह कमार पिता स्व रामभाऊ कमार (55 साल) निवासी लभराकला के कब्जे से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब 18 लीटर कीमत 3600 रुपए, दिलीप कमार पिता सुकलाल कमार (42 साल) निवासी लभरा कला के कब्जे से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब 15 लीटर कीमत 3000 रुपए बरामद किया गया है।

## जिलेभर में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी

महासमुंद। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिलेभर में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 12 फरवरी को जोंक नदी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पर मौके पर जांच की गई। खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान यह पाया गया कि जोंक नदी में बल्दीडीह के खसरा नंबर 628, रकबा 5.000 क्षेत्र में रोहित साहू के नाम से रेत खदान की स्वीकृति अवधि 21 अक्टूबर 2024 से 20 अक्टूबर 2029 तक वैध रूप से है। खनिज अमले द्वारा मुराई धोवा नाला, जंघोरा, माटीदरहा, बिजेपुर एवं परसवानी क्षेत्रों में सतत निरीक्षण किया जा रहा है। स्वीकृत रेत खदानों से संबंधित ग्राम पंचायत एवं आश्रित ग्रामों में आवास निर्माण के लिए रेत की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी लगातार कार्रवाई की जा रही है। विगत दिनों ग्राम पीढ़ी (महानदी क्षेत्र) में रात्रि के समय अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त एक चैन माउंटेन मशीन को जब्त कर थाना प्रभारी तुमगांव की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिले में इस पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमले द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच जारी रहेगा।

## सड़क से स्कूटी हटाने की बात पर दो पक्ष भिड़े, बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सड़क पर खड़ी स्कूटी को हटाने की बात पर दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में बागबाहरा थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को रिम्पा सोनवानी वार्ड नंबर 11 डबरापारा बागबाहरा ने बताया कि 11फरवरी को लगभग 10 बजे ओमप्रकाश उसे घर में छोड़कर वापस अपने घर जा रहा था। उसी समय आत्मानंद स्कूल के पास अचानकपारा में किशोर दीप एवं कमल दीप अपने स्कूटी को रास्ते में खड़ी कर दिया था। जिसे देखकर ओमप्रकाश ने वाहन को रास्ते से हटाने कहा। जिस पर दोनों गाली गलौज करने लगे, जिसे सुनकर प्रार्थिया के बेटे विवेक सोनवानी ने गाली गलौज करने का कारण पूछा, जिस पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी, जब वह बीचबचाव करने पहुंची तब उसके साथ भी जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म किया गया है।

वहीं प्रार्थी किशोर दीप ने पुलिस को बता कि 11 फरवरी की रात लगभग 10 बजे रात्रि आत्मानंद स्कूल के पास अचानकपारा बागबाहरा में अपनी स्कूटी को रोड किनारे खड़ीकर कमल दीप के साथ बैठा था। उसी समय ओमप्रकाश साहू अपनी सफेद रंग कार में रिम्पा सोनवानी को बिठाकर ला रहा था। जो हमें देखकर गालियां देते हुए स्कूटी को हटाने कहा। इसी बात को लेकर प्रार्थी और कमल दीप से झगड़ा करने लगे। मामले में पुलिस ने आरोपी आरोपी रिम्पा सोनवानी, विवेक सोनवानी, ओमप्रकाश साहू, नजरू नेगी के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## सीएससी टेली-लॉ योजना:घर बैठे मिलेगी कानूनी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत सरकार के कानून एवं न्याय मंत्रालय द्वारा संचालित डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत सीएससी टेली-लॉ योजना देश के आम नागरिकों को न्याय तक सरल, सुलभ एवं समान पहुंच प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। टेली-लॉ योजना के माध्यम से नागरिक अब अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर वीडियो कॉल अथवा फोन कॉल के जरिए अनुभवी वकीलों से सीधे कानूनी परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। टेली-लॉ योजना का उद्देश्य इस योजना का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को न्यायिक जागरूकता, कानूनी मार्गदर्शन और समयबद्ध समाधान उपलब्ध कराना है। पहले जहाँ छोटे-छोटे कानूनी मामलों के लिए लोगों को जिला मुख्यालय या शहर जाना पड़ता था, वहीं अब यह सुविधा के माध्यम से गाँव स्तर पर ही उपलब्ध हो रही है। एक दिवसीय टेली-लॉ योजना बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार के मार्गदर्शन में किया गया। बैठक में वीरभद्र देवांगन जिला प्रबन्धक सीएससी, प्रदीप कुमार मैनेजर सीएससी बीमा सेवा राज्य कार्यालय, राहुल वर्मा टेली लॉं प्रोजेक्ट, नीता साहू, दिलीप साहू साधन एनआरएलएम टीम उपस्थित थे। प्रदीप कुमार एवं राहुल वर्मा ने कहा कि टेली-लॉ योजना ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लिए एक सरल, सुरक्षित एवं भरोसेमंद कानूनी समाधान है। उन्होंने सभी सीएससी वीएलई एवं बीसी सखियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक नागरिकों को योजना से जोड़े।




## खबर संक्षेप



### सेवारत शिक्षकों के लिए पृथक टीईटी की मांग

**रायपुर।** छग शिक्षक संघ ने वर्तमान में सेवारत शिक्षकों के लिए पृथक रूप से विभागीय स्तर पर टेट आयोजित कराने की मांग की है। अब तक व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा ही टेट का आयोजन किया जाता रहा है। व्यापम सामान्यतः दो वर्ष अथवा इससे अधिक अंतराल में टेट का आयोजन करता है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार पदोन्नति के लिए सेवारत शिक्षकों के लिए भी टेट अनिवार्य कर दिया गया है। टेट उत्तीर्ण नहीं होने पर शिक्षकों को पदोन्नति नहीं मिल सकेगी। चूंकि व्यापम नियमित रूप से टेट का आयोजन नहीं करता है, ऐसे में एक बार असफल होने पर शिक्षकों को पुनः लंबा इंतजार करना पड़ेगा। इससे उनकी पदोन्नति

### प्रेस क्लब में विशेष स्वास्थ्य जांच और आयुष्मान कार्ड शिविर आज

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब के सदस्यों एवं उनके परिजनों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं नवीनीकरण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। यह शिविर जिला स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय एवं रायपुर प्रेस क्लब के तत्वावधान में 13 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड, स्त्रीरोग, शिशुरोग, अस्थि रोग, एमडी मेडिसिन, नेत्ररोग, कान-नाक-गला, पेट रोग, दंत रोग, सामान्य जांच, ब्लड टेस्ट, सोनीग्रॉफी एवं ईको टेस्ट, हार्ट के लिए सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

### पुलिस कमिश्नर से मुलाकात, महिला शक्ति अभियान की दी जानकारी



**रायपुर।** मिशन महिला शक्ति अभियान के अंतर्गत उत्कल महिला महामंच की अध्यक्ष एवं मिशन महिला शक्ति अभियान की अध्यक्ष सावित्री जगत ने अपनी महिला टीम के साथ राजधानी रायपुर के पहले पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर श्रीमती जगत ने कमिश्नर डॉ. शुक्ला को राजधानी में चलाए जा रहे मिशन महिला शक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस-प्रशासन की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो तथा उनके सम्मान में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए। जिस पर कमिश्नर डॉ. शुक्ला ने भी अभियान की सराहना करते हुए महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता के प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया। मिशन महिला शक्ति द्वारा राजधानी में महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान आगामी 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तक निरंतर जारी रहेगा। मुलाकात करने वालों में हेमा सागर, मेनका बघेल, संगीता मुदलियार, शीला बघेल, किरण बघेल, दामिनी सोना आदि उपस्थित रहीं।

# राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत नवनिर्वाचित पंचों का हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत एमएसएफसी इंडिया कंपनी द्वारा जनपद पंचायत स्तर पर नवनिर्वाचित पंचों का बुनियादी प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जगदीशपुर, नरसिंगपुर, बोईरडीह, चनौरडीह, बामडीह एवं रेमडा ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित पंचों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत राज व्यवस्था, पंचायत के अधिकार एवं दायित्व, वित्तीय प्रबंधन, ग्राम विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा स्थानीय सतत विकास लक्ष्य (एलएसडीजी) के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।



अनीश कुमार उपसरपंच जगदीशपुर एवं रोलियर नंदा पंच जगदीशपुर ने बताया कि प्रशिक्षण में सक्षम पंचायत से विकसित भारत की ओर की परिकल्पना को साकार करने के लिए भारत ने वर्ष 2030 तक संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने का संकल्प लिया है। इन लक्ष्यों को स्थानीय स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए भारत सरकार ने 17 एसडीजी को 9 स्थानीय सतत विकास लक्ष्य (एलएसडीजी) थीम्स में वर्गीकृत किया है। गरीबी मुक्त पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, पूर्ण जलयुक्त पंचायत, स्वच्छ और हरित पंचायत, आत्मनिर्भर, पंचायत, सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासन पंचायत, महिला हितैषी पंचायत के बारे में प्रशिक्षण देकर विस्तार से बताया। इस अवसर पर खगेश्वर बारिहा मास्टर ट्रेनर, तिलक साव ऑपरेटर एवं सचिव कृष्ण कुमार चौहान नरसिंहपुर, निराकार पटेल रेमड़ा, चित्रसेन बारीक पिरदा, वृंदावन विश्वकर्मा बरेकेल, सुकलाल छत्तर चनोरडीह, रोहित ओगरे बोईरडीह आदि उपस्थित थे।

# खरोरा में मनरेगा को लेकर ग्राम चौपाल का आयोजन




**महासमुंद।** ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर के नेतृत्व में ग्राम खरोरा में मनरेगा के संबंध में एक महत्वपूर्ण ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में नए मनरेगा कानून में किए गए बदलावों के पश्चात ग्रामीणों को होने वाले संभावित नुकसान तथा उसके भविष्य पर विस्तार से चर्चा की गई। चंद्राकर ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि मनरेगा में हुए हालिया बदलावों से मजदूर वर्ग और ग्रामीण परिवारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसमें किसी भी प्रकार की कटौती या जटिलता से सीधे गरीब और जरूरतमंद परिवार प्रभावित होंगे। उन्होंने ग्रामीणों से जागरूक रहने और अपने अधिकारों के लिए संगठित रहने का आह्वान किया।

### एटीवीएम से ऑपरेटर गायब, यात्री परेशान

# जनरल टिकट खरीदने आरक्षण भवन जाने यात्रियों की दिलचस्पी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**पुराने अनारक्षित काउंटर बंद होने के बाद भी 50 प्रतिशत यात्रियों की भीड़ अब भी पहुंच रही पुरानी जगह**

रेलवे स्टेशन में अनारक्षित टिकट काउंटर को आरक्षण भवन में शिफ्ट करने के बाद भी बड़ी संख्या में यात्री अब भी टिकट के लिए पुराने अनारक्षित काउंटर में ही टिकट खरीदने पहुंच रहे हैं। यहां रेलवे ने चार एवीटीएम मशीन लगाई हुई है, जिससे टिकट निकाला जा सकता है, लेकिन इन मशीन को संचालित करने वाले गायब हैं। 60 प्रतिशत से अधिक यात्रियों को मशीन से टिकट बनाना नहीं आता। आलम यह है कि यात्री ही एक दूसरे की टिकट बनाने में मदद कर रहे हैं। हर समय पुराने अनारक्षित टिकट काउंटर में 30 से अधिक यात्रियों की भीड़ लगी रहती है।

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि ने गुरुवार को एवीटीएम मशीन का जायजा लिया। दोपहर 3ः 45 के समय मशीन के पास कोई भी ऑपरेटर नहीं था। यात्रियों को भी मशीन से किस तरह टिकट बनाया जाता है, इसका ज्ञान नहीं था। चार मशीन में एक खराब थी, बाकी तीन मशीनों में यात्री घेरे हुए थे। मशीन की तकनीकी जानकारी मालूम नहीं होने से यात्री परेशान थे। मशीन के पास पहुंच रहा हर यात्री टिकट बनाने का प्रयास करता रहा, लेकिन दर्जन यात्रियों में कोई भी टिकट बनाकर निकाल पाने में सफल नहीं रहा। बता दें कि मशीन में टिकट बनाने की प्रकिया आसान है, लेकिन ज्यादातर यात्रियों को मालूम नहीं होता है।



**यात्रियों ने बनाए एक दूसरे के टिकट**

गुरुवार को 4 बजे गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस आने वाली थी। कई यात्री इसमें सफर करने वाले थे। टिकट बनाने मशीन में 15 मिनट से प्रयास कर रहे थे, लेकिन कोई भी बना पा रहा था। कई बार तकनीकी कारणों से पैसे भुगतान करने दिक्कत आई। दूसरे मशीन में एक यात्री ही अन्य यात्रियों का टिकट मशीन से बनाने में मदद करता नजर आया। यात्री आरक्षण भवन नहीं जाकर मशीनों में अपना समय दे रहे थे।

**टिकट बनाने स्टेशन में एक टीटीई तैनात**

*पुराने अनारक्षित टिकट काउंटर के पास यात्रियों को टिकट बनाकर देने के लिए स्टेशन में गुरूवार को एक टीटीई दिखाई दिया, जिसके पास टिकट बनाने वाले हर 15 सेकंट में यात्री पहुंच रहे हैं। यात्रियों की संख्या तब और बढ़ जा रही थी, जब लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेन आने वाली होती है। बता दें कि यात्रियों को टीटीई आरक्षण भवन जाने की बात कहते हैं, लेकिन पुराने अनारक्षित टिकट काउंटर में आने के बाद भीड़ होने के बावजूद यात्री जनरल टिकट खरीदने आरक्षण भवन जाने से कतराते हैं। इसलिए कोई मशीन में टिकट बनाने का प्रयास करते हैं तो कुछ टीटीई के पास जाते हैं। लेकिन दोनों ही जगह यात्रियों का दबाव रहता है। इसलिए टिकट मिलने में समय लगता है।*

### स्कूल के पास पान मसाले की बिक्री, ठेला किया सील

**रायपुर।** मंदिर हसौद में एक शासकीय स्कूल के पास संचालित पान ठेला को सील करने की कार्रवाई जिला प्रशासन ने की है। कलेक्टर गौरव सिंह गुरुवार को इस क्षेत्र में निरीक्षण पर थे। इसी दौरान शासकीय प्राथमिक शाला के सामने एक पान ठेला को खुला देखकर वहां पहुंचे और निरीक्षण करते हुए ठेला से तंबाकू पाउच बरामद किया। कलेक्टर ने इस मामले में तत्काल पान ठेला को सील करने के निर्देश दिए, जिसके बाद प्रशासनिक टीम ने ठेला को तत्काल बंद कराकर सील करने की कार्रवाई की। जिला प्रशासन ने पान ठेला-दुकान तथा प्रतिबंधित तंबाकू को लेकर स्पष्ट निर्देश हैं कि स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में कहीं भी पान ठेला-दुकान संचालित नहीं हो तथा तंबाकू सहित अन्य नशे की प्रतिबंधित सामग्रियों की बिक्री नहीं हो पाए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मंदिर हसौद मार्ग पर सड़क पर मकान निर्माण सामग्री रखा देखकर अपनी कार को रूकवाई और अधिकारियों को निर्माणाधीन भवन मालिक के विरुद्ध जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर यातायात एवं नागरिक सुविधा में बाधा बनने वाली गतिविधियों पर सख्ती बरतने को कहा।

# बारनवापारा स्कूल में छात्रों को दी गई विदाई




**पिथौरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारनवापारा में कक्षा 9वीं से 11वीं तक के छात्र-छात्राओं ने समारोहपूर्वक कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा गत वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण ठाकुर जनपद सदस्य प्रतिनिधि जनपद पंचायत कसडोल, विशिष्ट अतिथि ढाकेश्वर चौहान अध्यक्ष शाला विकास समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारनवापारा, अध्यक्षता गुलाब राम चौधरी प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारनवापारा रहे। विशिष्ट एवं विशेष अतिथियों में लोचन प्रसाद, संध्या शर्मा शिक्षिका, चंद्रभान कैवर्त व्याख्याता, नवीन महिलकर व्याख्याता, श्रीकांत पुरेना व्याख्याता, टकेश्वर साहू व्याख्याता, गोपीचंद निषाद शिक्षक, परमेश्वर प्रसाद वर्मा सहायक शिक्षक, रेणु ठाकुर सहायक शिक्षक, पुष्पांजलि बरिहा सहायक शिक्षक, महेंद्र प्रभाकर शिक्षक, हेमकुमार भोई शिक्षक व देव कुमार की उपस्थिति रही। संचालन गोपीचंद निषाद शिक्षक ने किया।

# पॉवर कंपनी मुख्यालय में कर्मियों का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पुरानी पेंशन और पॉवर सेक्टर के निजीकरण के विरोध में गुरुवार को डगनिया स्थित पॉवर कंपनी मुख्यालय के गेट पर बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारियों व अधिकारियों ने कार्यालय से बाहर आकर विरोध-प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में रायपुर सहित चेन्नई, बेंगलुरू, विजयवाड़ा, त्रिवेंद्रम, हैदराबाद, पांडिचेरी, नासिक, नागपुर, मुंबई, जबलपुर, राजकोट, बड़ोदरा, रांची, कोलकाता, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, शिलांग, अगरतला, पटियाला, जम्मू, श्रीनगर, देहरादून, कोटा, हिसार, शिमला, लेह, लखनऊ सहित उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों में बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारियों ने विरोध-प्रदर्शन किया। अभियंता संघ के महासचिव मनोज वर्मा ने बताया कि ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में कार्यरत अभियंता तथा कर्मचारी संगठनों ने देश के लगभग 27 लाख बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं के साथ एक दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल में अपनी भागीदारी तथा सक्रिय समर्थन दर्ज कराया। यह हड़ताल पॉवर सेक्टर के निजीकरण के विरोध में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 एवं प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी-2026 को वापस लेने तथा पॉवर सेक्टर के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर की गई। आंदोलनरत वक्ताओं ने कहा कि यदि संसद के बजट सत्र में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल पारित करने का प्रयास किया गया तो इसकी तीखी प्रतिकिया होगी। इस विरोध प्रदर्शन में पीएन सिंह, आशीष अग्निहोत्री, सुशील यदु, शशांक श्रीवास्तव, संदीप सोनी, धनंजय वर्मा, स्वाति तिवारी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

# राजधानी में 20 फरवरी से सेंट्रल इंडिया के सबसे बड़े ट्रेड महोत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में कैट के तत्वाधान में 20 से 24 फरवरी तक सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा ट्रेड महोत्सव शंकर नगर के बीटीआई ग्राउंड में आयोजित होने जा रहा है। इसकी तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई है। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि बहुप्रतीक्षित ट्रेड एक्सपो को सफल बनाने व्यापारिक संगठनों के माध्यम से व्यापक स्तर पर तैयारियाँ की जा रही हैं। इसी कड़ी में कैट के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को विभिन्न व्यापारिक संगठनों के साथ एक अहम बैठक रखी गई।

बैठक में एक्सपो की व्यवस्थाओं, प्रचार-प्रसार, व्यापारिक सहभागिता एवं आपसी समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने कहा कि नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 की तैयारियाँ अब जमीनी स्तर पर तेज कर दी गई हैं।कैट की विभिन्न इकाइयों, युवा कैट, महिला कैट, ट्रांसपोर्ट कैट एवं उद्योग कैट के माध्यम से लगातार बैठकों, संपर्क अभियानों एवं समन्वय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक व्यापारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि इस एक्सपो में चार भव्य डोम, आकर्षक ओपन स्टॉल्स, विशेष ऑटोमोबाइल ज़ोन तथा महिला उद्यमियों को



- चार दिवसीय आयोजन, व्यापक स्तर पर तैयारियां
- कैट के प्रदेश कार्यालय में व्यापारिक संगठनों की हुई बैठक

प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पिंक पवेलियन को विशेष रूप से विकसित किया गया है। इसके साथ ही दर्शकों के आकर्षण के लिए विशेष फूड ज़ोन तथा प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

एक्सपो में प्रदेशभर से लगभग 250 से अधिक प्रतिष्ठित ब्रांड्स की सहभागिता प्रस्तावित है, जो विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगे। कैट पदाधिकारियों ने कहा कि नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 न केवल रायपुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय व्यापारिक मानचित्र पर सशक्त पहचान दिलाने का कार्य करेगा।

# ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए मैरिज पैलेस, होटल संचालकों की बैठक

- ट्रैफिक पुलिस ने वीआईपी रोड स्थित होटल, मैरिज पैलेस संचालकों की ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आगामी वैवाहिक सीजन के दौरान वीआईपी रोड में ट्रैफिक जाम न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने वीआईपी रोड में संचालित होटल तथा मैरिज पैलेस संचालकों की बैठक ली। बैठक में संचालकों को वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित करने कई दिशा निर्देश दिए।

बैठक में एडीसीपी ट्रैफिक विवेक शुक्ला ने होटल एवं मैरिज पैलेस संचालकों को वैवाहिक समारोह के दौरान किसी भी परिस्थिति में कैंपस के बाहर रोड में बारात नही निकालने, पार्किंग क्षमता के अनुरूप विवाह आयोजन की बुकिंग करने एवं कैंपस के बाहर रोड पर वाहन पार्क नही कराने की समझाइस दी। उल्लेखनीय है कि शादी सीजन के दौरान फरवरी से अप्रेल-मई तक वीआईपी रोड में आयोजित होने वाले वैवाहिक समारोह के दौरान रोड में बारात निकालने एवं होटल के बाहर मुख्य मार्ग में वाहनों की बेतरतीब पार्किंग किये जाने से उक्त मार्ग में यातायात बाधित होकर जाम की स्थिति निर्मित होति है।

लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से जुझना पड़ता है। बैठक में 30 होटल, मैरिज पैलेस के संचालक उपस्थित हुए।

**इन निर्देशों का करना होगा पालन**

*- मैरिज पैलेस में पार्किंग क्षमता के अनुरूप वैवाहिक कार्यक्रम आयोजन की बुकिंग लेंगे।*
*- किसी भी परिस्थिति में मैरिज पैलेस के बाहर बारात आयोजन की अनुमति नही होगी।*
*- मैरिज पैलेस के बाहर मुख्य मार्ग पर वाहन खड़ा ना हो इसके लिए 02 गार्ड लगाना अनिवार्य होगा।*
*- बारात होटल, मैरिज पैलेस परिसर में ही निकले।*

# बोर्ड ऑनलाइन माध्यम से बताएगा प्राचार्यों को, किस तरह कराएं मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारी को लेकर 13 फरवरी को लाइव वेबकास्ट आयोजित करने का फैसला किया है। इसमें नई गाइडलाइंस, ऑन-स्क्रीन मार्किंग और एग्जाम प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। सभी स्कूलों, शिक्षकों और परीक्षा स्टाफ के लिए इसमें शामिल होना जरूरी रहेगा। यह वेबकास्ट परीक्षा की नई व्यवस्था, गाइडलाइंस और मूल्यांकन प्रक्रिया को समझाने के लिए किया जाएगा। बोर्ड ने सभी संबद्ध स्कूलों को इस कार्यक्रम में शामिल होना अनिवार्य बताया है। कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी 2026 से शुरू होकर 10 अप्रैल 2026 तक चलेंगी।

मूल्यांकन के तरीके में एक बड़ा बदलाव करते हुए, सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन (सीबीएसई) ने कक्षा 12वीं की




बोर्ड परीक्षाओं के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग को फिर से शुरू करने का फैसला किया है। इसका मकसद असेसमेंट प्रोसेस में एफिशिएंसी, ट्रांसपेरेंसी और एक्यूरेसी को बढ़ाना है। यह एक डिजिटल सिस्टम है, जिसमें स्कैन की गई आंसर शीट को टीचर कंप्यूटर पर इवैल्यूएट करते हैं और मार्क्स सॉफ्टवेयर से ऑटोमैटिकली कैलकुलेट हो जाते हैं। ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम से जुड़ी जरूर गाइडलाइंस बताने के लिए सीबीएसई ने 13 फरवरी को अपने बोर्ड से जुड़े सभी स्कूलों के प्रिंसिपल के लिए लाइव वेबकास्ट रखा है।

**तैयार करेंगे स्टेकहोल्डर्स**

वेबकास्ट 13 फरवरी को सुबह 11 बजे शुरू होगा, जो कि दो घंटे के लिए होगा। इसे सीबीएसई के ऑफिशियल यू-ट्यूब चैनल पर स्ट्रीम किया जाएगा। स्कूल इससे सीधे जुड़ सकते हैं। सीबीएसई का कहना है कि यह सेशन आने वाले बोर्ड एग्जाम 2026 को आसानी से कराने के लिए स्टेकहोल्डर्स को तैयार करेगा। गौरतलब है कि इस बार भारत और विदेश के 26 देशों में स्थित 31 हजार से ज्यादा स्कूलों के करीब 46 लाख छात्र परीक्षा देंगे। परीक्षाएं देश-विदेश के 8074 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी।

# संविदा प्रथा समाप्त करने उग्र आंदोलन करेगा फेडरेशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की प्रांतीय बैठक में प्रदेश में व्याप्त संविदा प्रथा को समाप्त करने के लिए सर्वसम्मति से उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही आधार बेस्ड अटेंडेंस प्रणाली में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों से शासन को अवगत कराते हुए इस व्यवस्था को समाप्त करने हेतु अंतिम पुनर्विचार के लिए ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में फेडरेशन की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 29 से 31 दिसंबर तक आयोजित कलम बंद हड़ताल की समीक्षा की गई। फेडरेशन के आंदोलन के परिणामस्वरूप 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत होने पर प्रदेश के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को प्रांत अध्यक्षों द्वारा शुभकामनाएं दी गईं। शासन द्वारा महंगाई भत्ता देय तिथि से स्वीकृत नहीं किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। इस दौरान पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा डीए एरियर्स का भुगतान देय तिथि से किए जाने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेश की समीक्षा भी की गई। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के संदर्भ में प्रदेश के शासकीय सेवकों को भी देय तिथि से महंगाई भत्ता स्वीकृत किए जाने हेतु शासन से पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। सरकार द्वारा यदि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप निर्णय नहीं लिया जाता है, तो न्यायालय की शरण लेने का विकल्प खुला रखने का सुझाव भी सदस्यों द्वारा दिया गया। बैठक में कमल वर्मा,ओंकार सिंह, चंद्रशेखर तिवारी,संजय सिंह, अजीत दुबे,पंकज पांडेय, मनीष सिंह ठाकुर, आर एन ध्रुव,आलोक नागपुरे,जय कुमार साहू,मनोज साहू, आलोक मिश्रा,संतोष कुमार वर्मा, पीताम्बर पटेल सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### छिब्बर 18 को संपूर्णता अभियान 2.0 में होंगी शामिल

**महासमुंद।** महानिदेशक नीति आयोग, नई दिल्ली एवं जिले की प्रभारी सचिव निधि छिब्बर 18 फरवरी 2026 को आकांक्षी विकासखंड पिथौरा के प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान वे आकांक्षी जिला एवं विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 अभियान में शामिल होंगी। इस संबंध में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे कार्यक्रम विवरण के अनुसार आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें तथा निर्धारित समय पर उपस्थिति होने के निर्देश दिए हैं।

### युवाओं के लिए प्लेसमेंट कैंप 16 से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र महासमुंद द्वारा 16 फरवरी को पिथौरा जनपद पंचायत कार्यालय, 17 फरवरी को बसना जनपद पंचायत एवं 18 फरवरी को सरायपाली जनपद पंचायत कार्यालय में प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा।

### आरटीओ के नाम पर ई-चालान भेज कर अकाउंट में सेंध लगाने वाले दो गिरफ्तार



**रायपुर।** आरटीओ के नाम पर ई-चालान भेजकर पूरे देश में ठगी करने वाले दो शातिरों को रेंज साइबर पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आरटीओ चालान के नाम से फर्जी एसएमएस भेजकर लोगों का मोबाइल हैक करते थे, फिर अकाउंट से रकम ट्रांसफर कर ठगी करते थे। रेंज साइबर पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी ठगी के मास्टर माइंड हैं। ठग गिरोह के तीन सदस्यों को रेंज साइबर पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है। फर्जी ई-चालान भेज करठगी करने के आरोप में पुलिस ने राजस्थान, बाड़मेर तथा जोधपुर से पृथ्वी कुमार बिश्नोई उर्फ राहुल तथा नरसिंह सिंह को गिरफ्तार किया है। विधानसभा थाना में धर्मेंद्र सिंह ने जनवरी में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरटीओ ई-चालान के नाम से मैसेज के लिंक को क्लिक करने पर अकाउंट से साढ़े चार लाख रुपए किसी दूसरे के अकाउंट में ट्रांसफर हो गया। जांच के दौरान गूगल, बैंक, मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों और टेलीग्राम से मिले तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर रेंज साइबर पुलिस आरोपियों का लोकेशन ट्रेस किया और राजस्थान में दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार किया।

## आयोजन : कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# ऑयल पाम योजना से किसानों की बढ़ेगी आय

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



पाम ऑयल की खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार भारत सरकार द्वारा लगातार किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयल पाम योजना के संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर में उद्यानिकी विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, योगेश्वर चंद्राकर, आरएल शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं बड़ी संख्या में अंचल के किसान उपस्थित थे।

कार्यशाला में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि पाम ऑयल की खेती सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। उन्होंने कहा कि हमारे यहाँ धान की खेती सर्वाधिक होती है। और धान की फसल के लिए पानी की आवश्यकता बड़ी मात्रा में होती है इसलिए बदलते समय के साथ हमें ऐसी फसलों की ओर रूख करना होगा। जिसमें पर्यावरण को कम नुकसान पहुंचाकर बेहतर फसल ले सकें। परंपरागत खेती के अलावा फल, सब्जियों एवं मछली पालन जैसे ढेरों विकल्प हैं, जिसके माध्यम से आज किसान अधिक से अधिक लाभ ले सकते हैं। भारत सरकार की भी यही मंशा है कि किसानों को अधिक से अधिक लाभ हो। पाम ऑयल के ऊपर आज हमारा देश दूसरे देशों पर निर्भर है, उसी निर्भरता को कम करने के लिए यह योजना लायी गई है। साथ ही इस खेती से जुड़े सवालों पर किसानों को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि किसानों को पहले इस खेती से जुड़े कृषकों के खेतों का भ्रमण कराया जाएगा। ताकि, इस खेती से जुड़ी शंकाओं एवं तकनीकी पहलुओं पर किसानों को स्पष्टता हो सके।

जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने कहा कि हम धान की खेती करते हैं, लेकिन देखने में यहाँ आता है कि सब्ज़ी एवं अन्य फसलों में फायदा ज़्यादा है। विदेशों से बच्चे बड़ी बड़ी नौकरी छोड़कर युवा अपने देश लौटकर खेती करते हैं, लेकिन शायद ही कोई परंपरागत धान की खेती नहीं करता है, हर कोई नगदी फसल ही लेते हैं। उन्होंने बताया कि हम आज तो तेल खाते हैं उसमें से एक बड़ा हिस्सा बाहर से आता है, तो इसमें सरकार की मंशा यह है कि खाद्यान्न तेल का आयात कम हो और इसमें हमारी आत्मनिर्भरता कम हो। इसलिए पाम ऑयल की खेती को सरकार इस योजना के माध्यम से बढ़ावा देना चाह रही है। उन्होंने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उन्हें इस फसल को अपनी प्राथमिकता में रखना चाहिए।

### कृषक की जुबानी

किसान सिदार चंद्राकर जिन्होंने ख़ुद 32 एकड़ में पाम ऑयल की खेती की है। उन्होंने इसकी खेती के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि योजना के तहत पहले केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा (60:40 के अनुपात में) अनुदान दिए जा रहे हैं। इसके तहत 1.30 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर के अनुदान के साथ अब राज्य सरकार द्वारा राशि 69,620 रुपए का अतिरिक्त अनुदान चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 से देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत रख-रखाव के लिए 10,500 रुपए प्रति हेक्टेयर के इकाई लगत पर 5250 रुपए का अनुदान पूर्व से दिया जा रहा था, जिसके अतिरिक्त अब 1500 रुपए टॉपअप के रूप में राज्य शासन द्वारा अनुदान प्रदाय किया जाएगा। इसी तरह अंतरवर्तीय फसल लेने पर 10,500 रुपए प्रति हेक्टेयर के इकाई लगत पर 5250 रुपए प्रति हेक्टेयर का अनुदान पूर्व से दिया जा रहा था, जिसके अतिरिक्त अब 5000 रुपए प्रति हेक्टेयर टॉप अप के रूप में अनुदान प्रदाय किया जाएगा।

## खबर का असरः प्रकाशन के तीन दिवस के भीतर बसना-पदमपुर मार्ग पर शुरू हुआ मरम्मत कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

बसना से पदमपुर (ओडिशा अंतराज्यीय सीमा) को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण अंतरराज्यीय मार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर का त्वरित असर देखने को मिला। खबर प्रकाशन के मात्र तीन दिवस के भीतर ही सड़क मरम्मत एवं डामरीकरण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर बने बड़े एवं गहरे गड्ढों के कारण लगातार दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा था और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस गंभीर समस्या को लेकर जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी, प्रकाश सिन्हा ने 06 फरवरी को जिला कलेक्टर महासमुंद को पत्र लिखकर शीघ्र मरम्मत की मांग की थी। इसके बाद 10 फरवरी को समाचार पत्रों में यह मुद्दा प्रमुखता से प्रकाशित हुआ। समाचार प्रकाशन के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ और संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए मरम्मत कार्य प्रारंभ कराया गया।

## काष्ठागार की सड़क मरम्मत के नाम पर अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

क्षेत्र में अवैध उत्खनन का कार्य तेजी से फल फूल रहा है। ताजा मामला स्थानीय वन काष्ठागार (डिपो) से जुड़ा है, जहां रेंजर कमल नारायण नामदेव पर सरकारी भूमि से मुरुम के अवैध उत्खनन के आरोप हैं।

मिली जानकारी अनुसार, वन काष्ठागार परिसर के भीतर आंतरिक सड़कों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के लिए शासन से लाखों रुपये स्वीकृत हुआ है। जिसमें नियमों के तहत किसी भी निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले खनिज पदार्थ की खरीदी खनिज विभाग से स्वीकृत लीजधारकों के माध्यम से की जानी होती है तथा संबंधित खनिज की रॉयल्टी जमा करना अनिवार्य होता है। आरोप है कि उक्त प्रक्रिया का पालन किए बिना गोपालपुर दसवां पारा से लगी सरकारी भूमि पर जेसीबी मशीन लगाकर मुरुम का उत्खनन कराया जा रहा है। और यहां से मुरुम निकालकर ट्रैक्टरों के माध्यम से सीधे काष्ठागार पहुंचाया जा रहा है। इस संबंध में खनिज विभाग से किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई है। इस संबंध में वन काष्ठागार पिथौरा रेंजर कमल नारायण नामदेव का कहना है कि कब्जाधारी किसान से मांगकर खुदवा रहे हैं। उत्खनन से संबंधित कोई अनुमति नहीं ली गई है। ऐसे ही तो मुरुम लाया जाता है।



## शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए निर्वाचन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिला इकाई का निर्वाचन 14 फरवरी शनिवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय महासमुंद में होगा। प्रांतीय इकाई द्वारा निर्विध्न निर्वाचन संपन्न कराने के लिए डाइट प्राचार्य अरुण प्रधान को निर्वाचन अधिकारी रुपेंद्र साहू जिला संगठन मंत्री गरियाबंद को पर्यवेक्षक, टेकराम सेन उप प्रांताध्यक्ष को निर्वाचन प्रभारी एवं मानिक साहू व्याख्याता को सहायक निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है।

निर्वाचन अधिकारी अरुण प्रधान द्वारा विधिवत निर्वाचन प्रक्रिया एवं समय सारणी जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष सहित 01 सचिव, 01 कोषाध्यक्ष, 03 उपाध्यक्ष, 01 महिला उपाध्यक्ष, 03 उप सचिव, 01 महिला उपसचिव, 04 सदस्य का निर्वाचन छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संविधान के अनुरुप होगा। अध्यक्ष के लिए नामांकन राशि 5000 रुपए निर्धारित है। वहीं सचिव एवं कोषाध्यक्ष के लिये 2500 रुपए निर्धारित है। शेष अन्य निर्वाचित पदों के लिए 1000 रुपए निर्धारित है एवं 100 रुपए नामांकन फार्म के लिये निर्वाचन अधिकारी को देय होगा। 14 फरवरी शनिवार को प्रातः 9 से 12 बजे तक अभ्यर्थियों का नामांकन होगा। दोपहर 12 बजे से 12.30 बजे तक नाम वापसी एवं 1.00 बजे अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाश होगा। यदि मतदान आवश्यक हुआ तो 1.30 बजे से 3.30 बजे तक मतदान की प्रक्रिया होगी। सायं 4 बजे से मतों की गिनती एवं परिणाम की घोषणा की जाएगी।

निर्वाचन अधिकारी प्रधान ने बताया कि निर्वाचित पदों के लिए अभ्यर्थियों को आधार कार्ड नामांकन फार्म के साथ देना होगा एवं मतदाताओं को आधार कार्ड या कोई भी परिचय पत्र दिखाना होगा। निर्वाचन के जिला प्रभारी एवं संगठन के उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने राष्ट्रहित शिक्षाहित शिक्षार्थी हित एवं शिक्षक हित में लगातार कार्य करने वाले भावी पदाधिकारियों से अपील की है कि संगठन की मजबूती के लिये निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेते हुए निर्विध्न निर्वाचन को संपन्न करने में सहयोग प्रदान करेंगे एवं समय में उपस्थित होकर संगठन शक्ति का परिचय देंगे। उन्होंने ने अपील की है कि यथासंभव सभी पदों पर निर्विध्न निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण हो। उक्त जानकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी मानिक साहू ने दी है।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बेमचा गुलाब बाड़ा में दाऊ स्व. गुलाब सिंह चंद्राकर परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा निकालकर की गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में भगवत प्रेमी यात्रा में शामिल हुए। साथ ही महासमुंद प्रवास पर आए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, धरसीवां विधायक अनुज शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, राज्य महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया, महासमुंद भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, संध्या परगनिया, स्मिता चंद्राकर सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता गण शामिल हुए। आयोजक द्वारिका प्रसाद चंद्राकर जानकी चंद्राकर, रमा चंद्राकर, संगीता-राहुल चंद्राकर, निधि हर्ष चंद्राकर, आकांक्षा-अनमोल चंद्राकर है। कथा वाचक दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर स्वामी राजीव लोचन दास महाराज द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर वेदी स्थापना कराया गया।

### आज से कथावाचन

14 फरवरी से 20 फरवरी 2026 तक नियमित कथा वाचन होगा। कथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक रखा गया है।

## शहर में केंद्रीय बजट को लेकर युवा संवाद कार्यक्रम हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय बजट को लेकर जिला मुख्यालय महासमुंद में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप, डिजिटल सशक्तिकरण और कौशल विकास के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर देता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्य वक्ता एवं धरसीवां विधायक अनुज शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह बजट गांव, गरीब और युवा केंद्रित है। शिक्षा, अधोसंरचना, डिजिटल इंडिया और कृषि क्षेत्र में किए गए प्रावधानों से देश की आर्थिक प्रगति को नई गति मिलेगी। उन्होंने युवाओं को राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगीराज टिकरीहा ने कहा कि यह बजट युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने वाला है। रोजगार, स्वरोजगार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अनेक प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे संवाद के माध्यम से बजट की सकारात्मक जानकारियों को समाज के बीच पहुंचाएं। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह बजट प्रदेश सहित महासमुंद जिले के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। युवाओं के लिए कौशल विकास, उद्योग और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट देश के गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग को समर्पित बजट है। कार्यक्रम के प्रारंभ में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने स्वागत भाषण एवं प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं युवा साथियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट देश के युवाओं, किसानों, महिलाओं एवं उद्यमियों को सशक्त बनाने वाला बजट है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम है, जिससे रोजगार, शिक्षा और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस अवसर पर मंचासीन वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों में विधायक सम्पत अग्रवाल, चंद्रहास चंद्राकर, इंद्रजीत गोल्डी, सरला कोसरिया, पूनम चंद्राकर, विमल चोपड़ा, त्रिलोचन पटेल, रामलाल चौहान, प्रीतम दीवान, ओम प्रकाश चौधरी, संध्या परगनिया, अलका चंद्राकर, डॉ.एनके अग्रवाल, मोंगरा पटेल, भीखम ठाकुर, ब्रह्मानंद पटेल, आकाश ठाकुर, अमनप्रताप सिंह, लोकेश साहू, मिलिंद चंद्राकर, प्रणय थिटे, विकास चंद्राकर, अनु ठेठवार एवं निशा वैष्णव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्रीद्वय थानसिंह दीवान एवं जितेन्द्र त्रिपाठी तथा आभार प्रदर्शन भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमन वर्मा ने किया। कार्यक्रम के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य बाइक रैली के माध्यम से किया गया।

## सहकारी आंदोलन एवं समाजवाद के अग्रणी थे भूषणलाल

### स्व. भूषणलाल चंद्रनाहू को जयंती पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

किसान आंदोलन और सहकारी आंदोलनों में अग्रणी रहे स्व. भूषणलाल चंद्रनाहू को जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके जन्मदिवस 13 फरवरी को किसान सहकारी चावल मिल महासमुंद में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सर्व हिंदू समाज महासमुंद के देवेंद्र दुबे, पत्रकार केपी साहू, आशुतोष शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

कार्यक्रम में किसान मिल के संचालकगण ललित चंद्रनाहू, पंकज साहू (पूर्व पार्षद), योगेश चंद्रनाहू, मन्नू लाल पटेल, योगेंद्र चंद्राकर, बलदाऊ चंद्राकर, मलकीत मक्कड़, अभयराम भास्कर, मोहन साहू उपस्थित थे। इस दौरान बताया गया कि शिक्षा और सहकारिता एवं समाजवाद के प्रति निःस्वार्थ जनसेवक का जन्म 13 फरवरी 1919 ग्राम फरफौद (आरंग) में किसान अर्जुन प्रसाद कुर्मी के घर में जन्म हुआ। प्राथमिक शिक्षा फरफौद, माध्यमिक शिक्षा मिशन स्कूल महासमुंद और उच्चतर शिक्षा सेंट पाल स्कूल रायपुर एवं मारिस कॉलेज नागपुर एवं काशी विश्वविद्यालय में हुई थी। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त काशी विश्वविद्यालय काशी (बनारस) के उपकुलपति सर्वपल्ल्ली डा. राधाकृष्णन के सानिध्य में सन 1944 में वकालत की शिक्षा उपरांत स्व.भूषणलाल चंद्रनाहू किसान आंदोलन और सहकारी आंदोलन में रचनात्मक कार्य प्रारंभ किये। सन 1946 में धान के दाम में शोषण के विरूद्ध अविभाजित जिला रायपुर (जिला धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार, महासमुंद) क्षेत्र के 90 किसानों को संगठित कर 115000 रुपए एकत्र कर महासमुंद में व्यावसायिक कंपनी बनाकर चावल मिल की स्थापना किए। स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता ठा. प्यारेलाल सिंह (सीपी एंड बरार प्रदेश के प्रथम नेता प्रतिपक्ष) के प्रेरणा से चावल मिल को सहकारी आंदोलन से संबद्ध कर दिया गया। यह देश का प्रथम सहकारी चावल मिल था। किसान सहकारी चावल मिल महासमुंद का अनुकरण कर मध्यप्रदेश शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी विकासखंडों में सहकारी चावल मिल की स्थापना की गई। सन 1956 में अजजा बाहुल्य ग्राम बनपचरी (महासमुंद) में स्वयं के व्यय से प्राथमिक शाला संचालित करवाए।



सन 1965-66 के गंभीर सूखा अकाल में भूखमरी से राहत के लिए स्वयं के व्यय से ग्राम बनपचरी में तालाब का निर्माण करवाये। सन 1974 में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सूखा अकाल के समय मप्र शासन द्वारा किसानों से जबरन धान की लेव्ही की वसूली के विरूद्ध आरंग जिला रायपुर में व्यापक किसान आंदोलन के प्रथम जत्था का नेतृत्व करते हुए जेल गए। सन 1975 के आपातकाल में मीसा के तहत समाजवादी नेता स्व. मधुलिमये के साथ रायपुर जेल में बंद थे। देश के प्रथम आम चुनाव सन 1952 में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी थे। तत्पश्चात चुनाव नहीं लड़ने और संगठन में ही कार्य करने का सार्वजनिक घोषणा के प्रण के पालन में सन 1977 के विधानसभा चुनाव में महासमुंद से जनता पार्टी के प्रत्याशी के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिये। वहीं अनेक राज (क्षेत्र) में बिखरे हुए चंद्रनाहू कुर्मी समाज को सन 1964-65 में एकीकृत कर संगठित किए। उन्हें छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू कुर्मी समाज का निर्विरोध प्रथम अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उन्होंने स्वयं के व्यय से डंगनिया रायपुर में छात्रावास के लिए भूमि खरीदी किये और चंद्रनाहू कुर्मी समाज के सहयोग से छात्रावास का निर्माण किये। छात्रावास में सभी जाति के कमजोर वर्ग के छात्र लाभांवित हो रहे है। इसके अतिरिक्त उन्होंने अजजा/अजा एवं अन्य सभी वर्ग के विद्यार्थियों को आर्थिक मदद कर उच्च शिक्षा दिलवाये।

### महाशिवरात्रि पर 24 घंटे अखंड जाप एवं भजन कीर्तन

**महासमुंद।** स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में महाशिवरात्रि महोत्सव 15 फरवरी को 24 घंटे का पंचाक्षरी मंत्र ॐ नमः शिवाय का अखंड संकीर्तन साधकों एवं भक्तों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातःकाल 6 बजे से सायं काल 6 बजे तक ॐ नमः शिवाय मंत्र का सामूहिक संकीर्तन सायं काल 6 बजे से 8:30 बजे तक भक्तगणों द्वारा भजन कीर्तन। रात्रि 9 बजे से प्रातः काल 6 बजे तक पंचाक्षरी मंत्र ॐ नमः शिवाय का सामूहिक संकीर्तन एवं आरती पश्चात समापन। उक्ताशय की जानकारी दिव्य जीवन संघ स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन कचहरी चौक,महासमुंद अध्यक्ष दौलत चंद्राकर ने दी है।



# बूढ़ादेव ईशर-गौरा के नाम दो मुट्ठी चावल व 1 रुपए संग्रहण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

क्षेत्र के आदिवासी गोंडवाना गोंड महासभा के गोंड जनजातीय समाज बाहुल्य ग्राम मनकी में गोंडी धर्म संस्कृति परंपरा प्राचीन रुढ़ीगत रीति नीति अनुसार ग्राम में विराजित प्राचीनकालीन गोंडवाना आराध्य इष्टदेव देवी-देवताओं में प्रमुख प्रकृति महाशक्ति पंच बूढ़ादेव आदिशक्ति माता, ग्रामाधिपति ठाकुरदेव- माता अन्नपूर्णा भातपोरसी दाई, ईशरदेव गौरा राजा माता गौरी रानी, माता मनकीहिन डोकरी, माता खंभेश्वरी, पाटदेव, दूल्हादेव-माता दूल्हीदाई देवी-देवताओं के नाम पर ग्राम समाज और परिवारों के मंगलमय सुख समृद्धि धन-धान्य की कामना के लिए परंपरागत गोंड बड़गा-भूमका, पंडा -द्वारा कोया पुनेम पंडुम पूजा-पाठ प्रकृति धर्म का पालन, व्यसन मुक्त समाज, समाज विकास हित में सेवाभावना की जनचेतना के लिए दो मुट्ठी चावल और एक रुपया प्रतिदिन के हिसाब से अपने कुल मूल पुरखा देवता के नाम पर कोया पुनेम पंडुम समाज हित में दान देना स्वीकार किया।

जहां बड़गा भूमका त्रिभुवन सिंह सिदार संयोजक, इंदर सिंह सिदार, युधिष्ठिर सिदार, उदय सिंह सिदार, विरेन्द्र सिदार गौंटिया, राजेंद्रसिंह सिदार एवं कैलाश सिदार भूमका छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना छत्तीसगढ़ प्रदेश के मार्गदर्शन में ग्राम के प्रत्येक



गोंड समाज परिवारों के महिला-पुरुषों ने समर्पित भाव से अन्नपूर्णा कलशपात्र का वितरण माता सेवा जसगीत मांदर झांझ मंजीरा के शंख मंगल ध्वनि पीला अक्षत तिलक के साथ बूढ़ादेव के जयकारों से टोली का घर-घर नगर भ्रमण में पुष्पहार, श्रीफल, चावल अर्थदान कर पाद प्रक्षालन कर स्वागत भेंट किए गए। संध्या सामाजिक सामूहिक भोजन प्रसादी रखा गया।

## खबर संक्षेप

### 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम गिरना के मृतक सुदामा यादव की पत्नी सविता यादव के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### प्रज्ञेश्वर महादेव में रुद्राभिषेक कल

**महासमुंद।** बेमचा स्थित गायत्री मंदिर में स्थापित प्रज्ञेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक महाशिवरात्रि पर्व पर होगा। शांति कुंज हरिद्वार के निर्देशन में प्रतिवर्ष श्रवण अक्षय तृतीया एवं महाशिवरात्रि पर्व पर विधि विधान पूर्वक रुद्राभिषेक होता है। प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक रुद्राभिषेक एवं 12 से 1 बजे एक कुंडीय गायत्री यज्ञ होगा। श्रद्धालुजन गाय का दूध, दही, घी, गंगा जल, शहद, चंदन, धतूरे का फूल एवं बेलपत्र लाकर रुद्राभिषेक में शामिल हो सकते है। साथ में रुद्राष्टक एवं शिव पंचाक्षरी मंत्र का पाठ होगा। यह उक्त जानकारी समिति के रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### छात्राओं से परीक्षा की तैयारी की जानकारी ले रहे शिक्षक

**महासमुंद।** बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होने वाली है। इसलिए बच्चों को प्रवेश पत्र दे दिया है और वे स्कूल ना आकर घर में परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वाणिज्य विषय के व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी विद्यार्थियों के घर-घर जाकर यह पता कर रहे हैं कि वे परीक्षा की तैयारी कैसे कर रहे हैं। इस दौरान वे बच्चों के पालकों से मिलकर यह पता कर रहे हैं कि बच्चे कब सोते हैं, किस समय उठते हैं, कितने घंटे पढ़ाई करते हैं? मोबाइल और टीवी में अपना समय तो खराब नहीं करते? उन्होंने ने बताया कि अगले एक सप्ताह के अंदर अपनी कक्षा में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों के घर जाकर मुलाकात करने वाले हैं।

## चर्चा: कलेक्टर ने की विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की समीक्षा

# जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं रिव्यू समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय रिव्यू समिति की संयुक्त बैठक गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित हुआ। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने जिले में संचालित विभिन्न बैंकिंग, वित्तीय एवं स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, आरबीआई के प्रतिनिधि दीपेश तिवारी, नाबार्ड के प्रबंधक प्रियव्रत साहू, जिला अग्रणी बैंक मैनेजर अभय पारे एवं जिले के अन्य बैंकों के प्रतिनिधि एवं शासकीय अधिकारी मौजूद थे।



बैठक के दौरान कलेक्टर लंगेह ने शैक्षिक ऋण, एसएमआई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) वित्त पोषण तथा मुद्रा ऋण की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित बैंकों से लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों को आवश्यकता अनुसार आसान और सरलीकृत तरीके से ऋण उपलब्ध कराएं तथा किसानों को केसीसी लोन, छोटे व्यवसायियों के लिए मुद्रा एवं शासकीय विभागों द्वारा संचालित लोन को अविलंब स्वीकृति दें। कलेक्टर ने किसान क्रेडिट कार्ड अंतर्गत डेयरी एवं मत्स्य पालन से संबंधित ऋण प्रकरणों की स्वीकृति पर चर्चा करते हुए मत्स्य पालन, डेयरी एवं पशुपालन गतिविधियों को विशेष महत्व देने के निर्देश दिए। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि बैंक आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता शिविर का सतत आयोजन करें तथा उनका प्रचार प्रसार भी सुनिश्चित करें। लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके भी बताएं ताकि उनकी जमा पूंजी बैंकों में सुरक्षित रहे। साथ ही कहा कि बैंक किसी भी तरह के फ्रॉड गतिविधियों में संलिप्त न हो और न ही बिना नियमानुसार कोई भी प्रकरण स्वीकृत करें। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सकती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पात्र केसीसी खातों के शत-प्रतिशत कवरेज के निर्देश दिए गए। साथ ही भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा संचालित आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान की तीन माह की समीक्षा भी की गई। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक की बिछिया शाखा को तहसील बसना के ग्राम भंवरपुर में स्थानांतरित किए जाने संबंधी अनुमोदन प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। जिला स्तरीय रिव्यू समिति की बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के प्रदर्शन की समीक्षा की गई। नाबार्ड द्वारा आकांक्षी जिलों में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत पात्र प्रधानमंत्री जनधन योजना खाताधारकों के नामांकन को बढ़ाने हेतु विशेष पहल पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री जनधन योजना एवं बचत खातों में आधार एवं मोबाइल सीडिंग, रूपे कार्ड वितरण की प्रगति तथा मुद्रा योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में एनयूएलएम, एनआरएलएम, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) बैंक ऋण लिंकेज, पीएमईजीपी, सीएमईजीपी, अंत्यावसायी एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना, पीएम स्वनिधि तथा किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर लंगेह ने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुँचाया जाए तथा लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैंकों से संबंधित जिला अग्रणी बैंक मैनेजर अभय पारे ने विभिन्न आंकड़ों के माध्यम से बैंकों के प्रगति की जानकारी दी।

# वित्तीय क्रांति की शुरुआत, 33000 महिलाओं की आर्थिक ताकत को मिला विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जनपद पंचायत बागबाहरा में 30 जनवरी को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूहों एवं उनके सदस्यों के लिए बैंकिंग व वित्तीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में महिला समूहों को सामूहिक बैंक लिंकेज ऋण, व्यक्तिगत इंटरप्राइजेज लोन तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जुड़े हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में महिलाओं को पारंपरिक आजीविका के साथ-साथ आधुनिक डिजिटल व्यवसाय से जुड़ने का आह्वान किया। वित्तीय कैंप में 42 स्व सहायता समूहों को एक करोड़ 10 लाख रुपए का बैंक लिंकेज ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त 6 महिला सदस्यों को 8 लाख 50 हजार रुपए का व्यक्तिगत इंटरप्राइजेज लोन स्वीकृत किया गया। इस प्रकार कुल 49 प्रकरणों में 118 लाख 50 हजार रुपए के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।




कार्यक्रम में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनहरण लाल मंडावी, जनपद सदस्य राहुल चंद्राकर, भूपेंद्र मोंटू दीवान, बलराम ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश यादव, सरपंच पद्मिनी बांधे पतेरापाली, सरपंच एडिशन ठाकुर बाघामुड़ा, भीमखोज के भेखराम, जनपद से जीआर बरिहा डीईओ, एकलदेव निषाद एडीईओ, शिवम नगारची एरिया कोऑर्डिनेटर तथा बिहान कैडर सहित बड़ी संख्या में महिला समूह की सदस्याएं उपस्थित रहीं। वित्तीय कैंप के माध्यम से महिलाओं में आत्मनिर्भरता की नई ऊर्जा देखने को मिली और यह कार्यक्रम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### मुनगासेर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा



**झलप।** ग्राम मुनगासेर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा हैं। इस धार्मिक अनुष्ठान में कथावाचिका अनुराधाप्रिया अदिति मिश्रा धाम वृंदावन (लखनपुर) द्वारा श्रीमद भागवत कथा ज्ञान गुणगान किया जा रहा है। यह आयोजन 11 फरवरी से से आरंभ हुआ है। तृतीय दिवस को गुरु महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संसार के सभी मनुष्य को गुरु धारण करना चाहिए। बिना गुरु मानव को सदगति प्राप्त नहीं होती है। इस कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। प्रतिदिन भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। यह जानकारी सरपंच ऋतु जोहत निषाद ने दी है।

## भंवरपुर में कॉलेज खुलने के प्रभाव पर छात्रों ने किया जनमत सर्वेक्षण



**भंवरपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं कौशल-विकास आधारित गतिविधि का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एसके साव तथा संचालक संतोष कुमार पटेल के मार्गदर्शन में स्किल एन्हांसमेंट कोर्स (एसईसी) के तहत जनमत एवं सर्वेक्षण अनुसंधान विषय पर बीए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा एक क्षेत्रीय सर्वेक्षण कराया गया। यह पाठ्यक्रम प्रोफेसर डॉ. रमीज़ दानी द्वारा अध्यापन किया जाता है, जिनके निर्देशन में विद्यार्थियों ने इस सर्वेक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

सर्वेक्षण का मुख्य विषय था भंवरपुर में कॉलेज खुलने का समाज पर प्रभाव। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक ज्ञान एवं अनुभव प्रदान करना था। नई शिक्षा नीति का प्रमुख लक्ष्य विद्यार्थियों में कौशल, अनुसंधान क्षमता, आलोचनात्मक चिंतन तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए विद्यार्थियों को वास्तविक परिस्थितियों में जाकर आम नागरिकों से संवाद स्थापित करने का अवसर दिया गया।

# स्वास्थ्य सुविधाओं की अव्यवस्था पर सरपंचों में नाराजगी, सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

**पिथौरा (ग्रामीण)।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय सरपंचों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सरपंचों ने क्षेत्र के उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की।

सरपंचों ने कहा कि कई स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों और नर्सों की भारी कमी है। साथ ही दवाइयों एवं



आवश्यक संसाधनों के अभाव के कारण ग्रामीणों को पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं के कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति में सुधार की मांग को लेकर सरपंचों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया और प्रशिक्षण अधिकारी को सामूहिक आवेदन सौंपा। आवेदन में स्वास्थ्य केंद्रों की सुविधाओं को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित करने की मांग की गई है।

### शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं के समाधान पर बनी सहमति

**महासमुंद।** शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रांतीय नेतृत्व प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर प्रांताध्यक्ष एवं कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, उमेश भारती गोस्वामी के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से सौजन्य भेंट कर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर शिक्षा मंत्री ने सहमति व्यक्त करते हुए निराकरण की बात की है। उपप्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि 9 प्रमुख बिंदुओं को लेकर शिक्षा मंत्री से चर्चा की गई। जिसमें प्रमुख रुप से वर्षों से लंबित सहायक शिक्षकों का तृतीय क्रमोन्नत वेतनमान है। वर्तमान में संख्या कम है। प्रतिनिधियों ने बताया कि कार्यगणना की जा चुकी है। इसी प्रकार राष्ट्र शिक्षा शिक्षार्णी एवं सतत शिक्षाहित में कार्य करने वाले छग शिक्षक संघ के प्रांतीय कार्यालय के लिए नया रायपुर में भूखंड प्रदाय करने, छत्तीसगढ़ शिक्षा आयोग का पुनर्गठन, भर्ती पदोन्नति नियम 2025 बनकर तैयार हो चुका है, जो शासन स्तर पर लंबित है। इसके प्रकाशन से शिक्षक संवर्ग के संघर्ष पर विराम लगेगा। उप प्रांताध्यक्ष सेन ने बताया कि राज्य में प्रभारवाद समाप्त कर समस्त संवर्गों के शिक्षकों से लेकर अपर संचालक तक के पदों पर पदोन्नतियां प्रतिवर्ष करने में महत्वपूर्ण चर्चा मंत्री से की है। विशेष रुप से एलबी संवर्ग की सेवा गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से करने पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत हाईस्कूल में संस्कृत विषय के व्याख्याताओं के पद को समाप्त कर दिया गया है। पुनः सृजित करते हुए भृत्य, लिपिक, स्वीपर के पदों को पुनर्जीवित किया जाए। सहायक शिक्षक से ग्रंथपाल पद पर योग्यतानुरुप पदोन्नति/संविलियन का राजपत्र में प्रकाश किया जाए। इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संगठन द्वारा चर्चा की गई एवं शिक्षा मंत्री ने सहमति जताई है।

## प्राकृतिक वनों की सफाया कर छत्तीसगढ़ में वन क्षेत्र बढ़ने का दावा कर रहे मंत्री: विनोद

### भाजपा सरकार के 2 साल में छग के प्राकृतिक जंगलों का दायरा घटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

निजी जमीनों, खेतों और घरों के आसपास के पौधों की गणना कर छत्तीसगढ़ में जंगलों की बढ़ोत्तरी होने की वाहवाही लूटने की कोशिश भाजपा सरकार द्वारा की जा रही है। भाजपा के वन मंत्री द्वारा दावा किया जा रहा है कि प्रदेश में 683 वर्ग किलोमीटर जंगल बढ़े हैं। जबकि, असलियत यह है कि ये बढ़ोतरी प्राकृतिक जंगलों में नहीं, बल्कि निजी ज़मीनों, खेतों और घरों के आसपास के पौधों की है। उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने व्यक्त की है।



चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जल, जंगल, जमीन को उद्योगपति मित्रों के हवाले कर भाजपा के मंत्री प्रदेशवासियों को झूठ परोस रहा है। निजी जमीनों, खेतों और घरों के आसपास पौधों को वन क्षेत्र बताकर भाजपा अपनी करतूत पर पर्दा डाल रहा है। छत्तीसगढ़ के लोग जानते हैं कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, तब से अंधाधुंध प्राकृतिक वनों की कटाई अडाणी कंपनी द्वारा किया जा रहा है। कोयले के लिए नई खदानों की आवश्यकता न होने के बावजूद छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य जैसे घने वनों से पेड़ काटे जा रहे हैं। हसदेव अरण्य की जैव-विविधता से भरपूर प्राचीन वनों में परसा ईस्ट और केते बासन (पीइकेबी) कोयला खदानों के लिए लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं।

# चिंगरौद में वीबी जीरामजी के तहत लगी किसानों की चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वीबी जीरामजी के तहत महासमुंद विधानसभा अंतर्गत ग्राम चिंगरौद में कृषक जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस कृषक जन चौपाल के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा थें। उन्होंने किसानों एवं ग्रामीणों को वीबी जीरामजी के लाभ बताए एवं विकसित भारत के विषय पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा के तहत मिलने वाले सुविधाओं में और विस्तार किया गया है। पहले मनरेगा के तहत 100 दिनों का रोजगार दिया जाता था। अब 125 दिनों का रोजगार मिलेगा। इससे ग्रामीण कामगारों को अधिक दिनों तक काम मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। यह उन परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है जो पूरी तरह से मजदूरी पर निर्भर हैं। दूसरे अहम बदलाव के तहत, इस योजना को आजीविका मिशन से जोड़ा गया है। इससे स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण महिलाओं के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसका सीधा लाभ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा और रोजगार का दायरा व्यापक



होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था हमारे देश की रीढ़ है। यह मजबूत होगा तो हमारा देश मजबूत होगा और विकसित भारत की ओर हमारा कदम मजबूती से आगे बढ़ेगा। इसके अलावा उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी ग्रामीणों को ग्राम विकास एवं आत्मनिर्भर भारत के विषय में विस्तार से बताया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, वीबी जीरामजी के प्रदेश संयोजक व पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, बीज निगम अध्यक्ष राज्यमंत्री चंद्रहास चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर, महासमुंद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, जिला मीडिया सह प्रभारी आनंद साहू, ग्रामीण मंडल महामंत्री साजन यादव, भाजपा नेता पंकज चंद्राकर, मिलिंद चंद्राकर, ग्राम पंचायत चिंगरौद सरपंच छेरकू जलक्षत्री, दीपक साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

